दिनांक 03.06.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में आज के समय में 9 एस.एल.आर.एम. यानी सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर चल रहे हैं वहां स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कचरा संग्रहण किया जा रहा है ।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत एल.एल.आर.एम. सेंटर पर प्रतिदिन घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे का एकत्रिकरण कार्य किया जा रहा है। उन कचरो कचरो को परिष्कृत कर अलग-अलग रूप में बांटा जाता है स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निकलने वाले कचरे को बेच दिया जाता है जिससे उनका आय होता है इसी के आमदनी से उनका घर चलता है , यही कचरा रीसायकल के द्वारा पुनः वास्तु के रूप में हमारे सामने आ जाता है जिसे हम लोग पुनः उपयोग करते हैं हमारे इतने प्रयास से शहर साफ-सुथरा एवं स्वच्छ-सुन्दर बन जाएगा ।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र में घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे को निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर यानी सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट में एकत्रिकरण करने के निर्देश दिये है। निगम क्षेत्र में 9 एल.एल.आर.एम. सेंटर बनाये गये है जिसमे जोन-01 क्षेत्र के नेहरू नगर रैश्ने आवास, राधिका नगर, 11वीं बटालियन के पास, पिली मिटटी चैंक, नेहरू नगर पूर्व में स्थापित है इसी प्रकार जोन-2 के ट्रेचिंग ग्राउण्ड के पास, जोन-03 के मदर टेरेसा नगर संतोषी पारा, जोन-4 के आई.टी.आई. के पीछे कचरा एकत्रिकरण का कार्य जारी है। कचरे का संग्रहण कर मशीन के माध्यम से खाद बनाने का कार्य भी निगम द्वारा किया जा रहा है।

नगर निगम भिलाई, शहर में निवासरत नागरिको से अपील करती है की अपने घर से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरो को अलग-अलग डब्बो में डालकर निगम के कचरा एकत्र करने वाले टीम को दे। एक साथ सब प्रकार का कचरा डाल देने से बदबू फैलता है जिस शहर में प्रदूषण बढ़ता है हमारी माताएं बहने जब व्यापारी वर्ग बस इतना करें कि अपने घरों में दुकान दुकानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डब्बे में डालकर सफाई कर्मचारी को दिया करें ,जिससे कचरो का संग्रहण करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। एक छोटा सा प्रयास शहर को स्वच्छ बनाने में बहुत बड़ा सहयोग होगा ।